विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने का मलाल है और वह इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं।
– हरमनप्रीत सिंह

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान, विश्वकप में पदक नहीं जीतने का मलाल करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

विराट कोहली

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली किसी न किसी कारण अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। मौजूदा समय में वह भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हैं। जहां उन्होंने पहले टेस्ट में शतकीय पारी खेली लेकिन उसके बाद के टेस्ट मैचों में उनका बल्ला शांत रहा। वहीं भारतीय टीम मेलबर्न पहुंच गई है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलना है। साथ ही विराट कोहली ने बॉक्सिंग डे से पहले अपना हेयरस्टाइल चेंज किया है, जो की सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

क्या आप जानते हैं ?... एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

रोहित शर्मा और आकाश दीप अभ्यास सत्र में हुए चोटिल

मेलबर्न, 22 दिसंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज आकाश दीप को रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास करते हुए चोट लग गई। यह घटना उस समय हुई जब रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान पुल शॉट खेलने के प्रयास में अपने बाएं घुटने पर चोट लगा बैठे। टीम के फिजियो ने तुरंत कप्तान का इलाज किया और सूजन को कम करने के लिए उनके बाएं घुटने पर बर्फ लगाई। वही तेज गेंदबाज आकाश दीप को बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लग गई है। आकाश दीप ने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है यह अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है।

उन्होंने कहा, जिस समय हम बल्लेबाजी के लिए आते हैं, उस समय 20-30 रन बनाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। मेरी मानसिकता यह है कि मैं किसी भी तरह से टीम के लिए योगदान दे सकूं। उस दिन मैंने फॉलोऑन बचाने के बारे में नहीं सोचा था, मैं बस आउट नहीं होना चाहता था और जब आप उस स्थिति से अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे आत्मविश्वास मिलता है और मैं फिर बहुत खुश था।

चैम्पियंस ट्रॉफी आईसीसी में न्यूट्रल वेन्यू दुबई चुना

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात को चुना गया है। यह जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने दी है। शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच हुई बैठक के बाद दुबई को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होगा। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे।

भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। 8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है। हालांकि ने अभी तक शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। आईसीसी ने मीटिंग में 4-5 मांगें रखीं, लेकिन ने ज्यादातर मांगों को ठुकरा दिया। भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें और के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं।

भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हराया

वडोदरा, 22 दिसंबर। स्मृति मंधाना (91), हरलीन देओल (44) और प्रतिका रावल (40) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रेणुका सिंह (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली हैं।

भारत के 314 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 के स्कोर अपने चार विकेट गवां दिये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई।

डिएंड्रा डॉटिन (आठ) और रशादा विलियम्स (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद शमैन कैंपबेल और आलिया ऑलेन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में रेणुका ने आलिया ऑलेन (13) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेणुका ने शबीका गजनबी (तीन) बोल्ड कर अपना चौथा और भारत के लिए छठा विकेट झटका।

जायडा जेम्स (नौ), करिश्मा रामहैरक (11), शमिला कॉनेल (आठ) और शमैन कैंपबेल (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने टीम के लिए सर्वाधिक (नाबाद 24) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को26.2 ओवर में 103 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला रिकार्ड 211 रनों से जीत लिया।

चैम्पियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए जो रूट की इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में वापसी

लंदन, 22 दिसंबर। चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे पर खेली जानी वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टीम में जो रूट की वापसी हुई है। जो रूट यह साल शानदार रहा है। उन्होंने इस वर्ष टेस्ट में 55.57 की शानदार औसत और छह शतकों के साथ 1556 रन बनाए हैं। रूट की इंग्लैंड की सफेद गेंद टीम एक साल बाद वापसी हुई है।

इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मक्कलम की लाल और सफेंद गेंद में ही एकजुटता बनाए रखने की कड़ी के तहत चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम को चुना गया है। टीम में आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जो इस साल टेस्ट में भी थे। टीम में पांच तेज गेंदबाजों को मौका मिला है।इनमें चोट से उबरे जोफ्रा आर्चर शामिल हैं।आदिल रशीद प्रमुख स्पिनर के तौर पर टीम बरकरार हैं और उनके बैकअप के तौर पर रूट, लियम लिविंगस्टन और युवा ऑलराउंडर जेकब बैथल शामिल हैं।

इंग्लैंड की टीम 17 जनवरी को भारत दौरे के लिए रवाना होगी। भारत के खिलाफ नागपुर में छह फरवरी को पहला एकदिवसीय मैच खेला जायेगा। भारत दौरे पर एकदिवसीय सीरीज से पहले इंग्लैंड को पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 22 जनवरी से कोलकाता में होगा।

भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने बांग्लादेश को 41 रनों से हराया

क्वालालंपुर, 22 दिसंबर। जी तृषा (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद आयुशी शुक्ला (तीन विकेट), पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर रविवार को भारतीय महिला टीम ने अंडर -19 एशिया कप ने बंगलादेश को 41 रनों से हरा दिया है। भारत के 117 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 24 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। मोसम्मत एवा (शून्य) और सुमैया अख्तर (आठ) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज पस्त दिखे। फहमिदा छोया (18) और जुयैरिया फिरदौस (22) के अलावा बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश की पूरी टीम को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढ़ेरकर मुकाबला 41 रनों से जीत लिया। भारत की ओर से आयुशी शुक्ला ने तीन विकेट लिये।

सीनियर नेशनल वालीबॉल चैम्पियनशिप-2025

मुख्यमंत्री भजनलाल ने किया पोस्टर विमोचन

जयपुर, 22 दिसम्बर। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप-2025 का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार को सीएमआर में पोस्टर विमोचन किया। इस दौरान राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने बताया कि 7 जनवरी 2025 से सवाई मानसिंह स्टेडियम इंडोर हॉल जयपुर में सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप- 2025 का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण अंचलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा।

राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि 7 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग की कुल 65 टीम हिस्सा लेंगी। जिसमें से पुरुष वर्ग की 35 टीम और महिला वर्ग की 30 टीम हैं। उन्होंने बताया की इन टीमों में लगभग एक हजार 200 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है। जिसमें से 600 खिलाड़ी पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

प्रेम सिंह बाजौर ने बताया कि खिलाड़ियों का हित राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। साथ ही प्राथमिकता हैं कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाये। इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने वाली पुरुष और महिला वर्ग की श्रेष्ठ 16 टीमों को नेशनल टीम के लिए चयनित किया जाएगा। जिसमें से 8 टीम पुरुष वर्ग की ओर 8 टीम महिला वर्ग की होगी।

राजधानी

कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी : खर्रा

जयपुर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने संसद में कांग्रेस द्वारा बेवजह हंगामे और बयानबाजी पर करारा जवाब दिया है। खर्रा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस की बाबा साहब को मुंबई से चुनाव हराने, मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने तथा कांग्रेस शासन में एनसीईआरटी की किताब में बाबा साहेब पर कार्टून प्रकाशित कराने में अहम भूमिका थी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति को उनके अन्तिम संस्कार में जाने से तत्कालीन प्रधानमंत्री ने रोका।

यूडीएच मंत्री ने कहा कि चाहे नेहरू और इंदिरा ने अपने कार्यकाल में जीवित रहते हुए अपने आप को भारत रत्न से सम्मानित कर लिया, लेकिन बाबा साहब को सम्मानित करने का उनके मन में कभी भी विचार नहीं आया। उन्होंने कहा कि नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के नाम पर बहुत सारे स्मारक बने लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का विचार भी नहीं किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू का कहना था कि ऐसे स्मारक सरकार द्वारा नहीं, बल्कि आम लोगों द्वारा अपने संसाधनों से बनाया जाना चाहिए। जबकि

> ■ 'राज्य सरकार ने एक वर्ष में कराए जनहित के व्यापक कार्य, कांग्रेस व्याकुलता में कर रही बयानबाजी'

नेहरू गांधी परिवार के नाम पर स्मारक सरकार के खर्चे पर बने हैं। खर्रा ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देने के साथ ही उनसे संबंधित जगहों लंदन, दिल्ली, मुंबई में उनके भव्य स्मारक बनवाएं। यह बात कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को पच नहीं पा रही है मगर धीरे-धीरे आम आदिवासी दलित समाज यह समझने लग गया है कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का अपने हित में उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि यह विचार जैसे-जैसे आदिवासी और दलित वर्ग में फैल रहा है वैसे-वैसे कांग्रेस सहित बाकी पार्टियों में घबराहट पैदा हुई है। उस घबराहट का नतीजा है कि लोकसभा में जब संविधान दिवस पर संविधान पर चर्चा होनी थी, कांग्रेस सहित किसी भी विपक्ष सदस्य ने संविधान के संबंध में एक शब्द भी चर्चा में उपयोग नहीं किया।

यूडीएच मंत्री ने प्रदेश कांग्रेस के धरने प्रदर्शन पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले 1 साल में जनहित के व्यापक कार्य किए है तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेपर लीक पर लगाम लगा कर युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए भारी संख्या में नौकरियां देने के साथ ही अगले वर्ष के लिए भर्तियों का कैलेंडर भी जारी किया है। खर्रा ने कहा कि हमारे कार्यकाल में अब तक जितनी प्रतियोगी परीक्षाएं हुई है वे पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुई है। इससे कांग्रेस में भारी व्याकुलता है और इस व्याकुलता में इस प्रकार के बयान बाजी या धरने प्रदर्शन का काम कर रहे हैं।

राज्यपाल से एन.यू.बी.सी. प्रतिनिधि मंडल की शिष्टाचार भेंट

राज्यपाल हरि भाऊ बांगडे से रविवार को राजभवन में नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस (एनयूबीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इनमें संरक्षक डॉ. मदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, प्रदेश महासचिव श्रवण मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कृषि विपणन बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह करोल, प्रेमचंद बेरवा, सुरेश मीणा, एडवोकेट मानसिंह सिंह, मनोज टॉक, पिंकी प्रेमलता मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

जयपुर। राज्यपाल हरि भाऊ बांगडे से रविवार को राजभवन में नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस (एनयूबीसी) के संरक्षक डॉ. मदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, प्रदेश महासचिव श्रवण मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कृषि विपणन बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह करोल, प्रेमचंद बेरवा, सुरेश मीणा, एडवोकेट मानसिंह सिंह, मनोज टॉक, पिंकी प्रेमलता मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान जनजाति विकास परिषद (राजस्थान ट्राइबल डेवलपमेंट काउंसिल) की ओर से आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल सेआदिवासी क्षेत्रों के लिए अधिक बजट आवंटन-इन क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए अधिक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने करने परिषद को सशक्त ब बनाने- परिषद को और प्रभावी बनाने के लिए नई योजनाएं और अधिकार प्रदान करना। रोजगार, आर्थिक और शैक्षिणक उन्नित - आदिवासी समुदाय के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उनकी आर्थिक एवं शैक्षिणक प्रगति के लिए योजनाएं संचालित करने का आग्रह किया प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से संस्कृति उत्थान के लिए सांस्कृतिक उत्थान-आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विशेष कार्यक्रम लागू करने का आग्रह भी किया।

राज्यपाल बांगडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी सराहना की। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और परिषद को अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात आदिवासी समुदाय के हितों और उनके उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडल ने इस सहयोग के लिए राज्यपाल का धन्यवाद किया।

सरस मेलों का महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान : डॉ. किरोड़ी

जयपुर। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा जवाहर कला केंद्र जयपुर में संचालित सरस राजसखी मेला 2024 का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेलों का ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान है। इन मेलों में देश की ग्रामीण महिलाएं अपने हाथों से निर्मित शोपीस आइटम बेचती है।

मेले में डॉ. किरोडी लाल ने सरस मेले की सभी स्टालों का अवलोकन किया एवं विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। मेले में 250 से अधिक जीआई टैग उत्पादों की करीब 400 स्टॉल लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरस मेले राजीविका दीदियों द्वारा निर्मित शिल्पकला, एंब्रॉयडरी, जैविक उत्पाद, घर का साज-सामान एवं खाने पीने से संबंधित उत्पादों को एक स्थान पर खरीदारी करने का अवसर प्रदान करता है। ये मेले पारंपरिक भारतीय कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में विभाग द्वारा पैकेजिंग, ब्रांडिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है जिससे की राजीविका महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा उत्पाद बेचने के अवसर उपलब्ध हो सके।

कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा जवाहर कला केंद्र जयपुर में संचालित सरस राजसखी मेले का अवलोकन किया।

सरस मेले में रविवार को नेशनल क्रेडिट कोर के 70 कैडेटों ने भी अवलोकन किया और खरीददारी कर मेले का लुफ्त उठाया। इसके साथ ही अजमेर एवं अलवर जिले से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी मेले का भ्रमण किया गया एवं भविष्य में मेले में अपने उत्पादों के साथ सहभागिता निभाने की मनसा जाहिर की गई।

यह मेला ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक अहम प्रयास है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हस्त निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाता है। मेले में देशभर के 250 से अधिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग वाले उत्पादों और पारंपरिक शिल्प का शानदार संग्रह देखने को मिल रहा है।

सरस राज्य सखी राष्ट्रीय मेला एक अद्वितीय मंच है, जहां विभिन्न राज्यों की महिला सदस्य अपने पारंपरिक हस्तशिल्प, हैंडलूम, खाद्य उत्पाद और उन्नत तकनीकी उत्पादों का प्रदर्शन कर रही है। इस आयोजन में क्षेत्रवाद मंडप स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक कलाकृतियां और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित हो रहे हैं। यहां पर लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर रही है। यह मेला देश की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक स्वादों और हस्तशिल्प के अनूठे संगम को दर्शाता है।

कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित किया

जयपुर। यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान का कर्मवीर अवार्ड आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महाराष्ट्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर रमेश सिंह, बदायूं जिले के भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह, महाराष्ट्र के पूर्व विधायक राव साहब शेखावत, मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता डॉ राजपाल सिंह सिसोदिया, उद्योगपति रतन सिंह राठौड़ (तुरा),केदारनाथ के दयानिधि पीठ के महंत परमश्रद्धेय डॉ दयानिधि, पूर्व संयुक्त निदेशक कृषि विभाग डॉ एस के सिंह प्रमुख अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं।

रक्त जांच शुल्क एन.बी.टी.सी. के अनुसार लागू हो, ब्लड बैग को जी.एस.टी. से मुक्त करने की मांग

जयपुर। ब्लड बैंक सोसायटी राजस्थान की ओर से राजस्थान में ब्लड ट्रांस्फयूजन और उससे जुडे विभिन्न पहलुओं विशेषकर शैक्षिणक तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में बड़े सुधार करवाये गये हैं। इसी क्रम में सोसायटी, राज्य में रक्त की जांच शुल्क को एन.बी.टी.सी. के अनुसार लागू करवाने, ब्लड बैग को जीएसटी से मुक्त करवाने, ई-रक्तकोष पोर्टल पर रक्तदाता की डिटेल सार्वजनिक होने से रोकने, डिप्लोमा इन ब्लड बैंके टैक्नीक डीकेएस ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में 1 साल के अनुभव की सीमा को हटवाने या डी.एम.एल.टी. के मुकाबले कम करवाने की कवायद में लगी है।

यह जानकारी जयपुर में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन से जुडे चिकित्सा के एडवान्स पहलुओं पर सोसायटी की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय सेमीनार के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए एम्स जोधपुर के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य कल्याण समूह तथा राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस एस अग्रवाल ने दी।